महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार)
वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन –456006 (म.प्र.)

Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan

(Ministry of HRD, Govt. of India)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)

दिनांक 10 जुलाई, 2018

कार्यालय ज्ञापन

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान द्वारा अनुदानित वेद पाठशाला एवं गुरु शिष्य परम्परा इकाई के छात्रों को प्रतिष्ठान नियमानुसार उनके माता–पिता–अभिभावक के साथ संयुक्त बैंक खाता होने पर ही छात्रवृत्ति जारी की जा सकती है । प्रतिष्ठान ने आपकी वेद पाठशाला एवं इकाई को इस संबंध में पिछले वर्ष से पत्र/आदेश/स्पष्टीकरण आदि बार–बार भेजे गये परन्तु आज दिनांक तक बहुत ही कम संख्या में छात्रों के संयुक्त खाते प्राप्त हुए हैं जिनमें से भी अधिकतर सही प्रतीत नहीं होते हैं ।

आप दिनांक 20 जुलाई, 2018 तक छात्रों के उनके माता या पिता अथवा उनके जीवित ना होने पर अभिभावक के साथ संयुक्त खाते प्रतिष्ठान में अवश्य प्रेषित कर दें अन्यथा आपकी वेद पाठशाला/इकाई को अप्रैल 2018 से प्रदान की जाने वाली रख–रखाव छात्रवृत्ति राशि का भुगतान किया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा तथा अनुदान निरस्त माना जायेगा। साथ ही जिन छात्रों का संयुक्त खाता प्राप्त नहीं होगा उनके स्थान पर नवीन छात्रों को प्रवेश दे कर उनमें जिनका संयुक्त खाता होगा उन्हें छात्रवृत्ति राशि जारी की जायेगी ।

अब तक केवल दो हजार संयुक्त खाते प्राप्त हुए इस विशेष परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए अध्यापक एवं छात्रों के संयुक्त खाते विषय को पुनराकलन कर आवश्यक होने पर नवीन इकाई एवं नवीन छात्रों को प्रवेश दे कर योजनाओं का प्रवर्तन विविध समितियों से अंगीकार के पश्चात किया जायेगा ।

इस आदेश को अंतिम माना जाये ।

10.7.18

(प्रो0 विरूपाक्ष वि0 जड्डीपाल)
सचिव

समस्त वेद पाठशाला एवं गुरु शिष्य परम्परा इकाई
महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन

दूरभाष (0734) 2502266, 2502254, 2502255 फैक्स (0734–2502253)
E-mail : msrvvpujn@gmail.com, website : www.msrvvp.ac.in